हापुड़ पुलिस

UTTAR PRADESH 112 EMERGENCY

प्रेस नोट

थाना गढ़मुक्तेश्वर दिनांक 23.08.2024

थाना गढ़मुक्तेश्वर की हाईवे-7 पर तैनात कर्मचारियों ने त्वरित कार्यवाही करते हुए बस में छूटे बैग को यात्री के किया सुपुर्द ।

संक्षिप्त विवरणः-

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री कुँवर ज्ञानन्जय सिंह द्वारा समस्त पुलिस कर्मियों को बार-बार निर्देशित किया जाता है कि आपात स्थिति, किसी विषम परिस्थिति, घटना एवं दुर्घटना में अतिशीघ्र मौके पर पहुंचकर पीड़ित को हरसंभव सहायता प्रदान की जाए।

इसी क्रम में आज दिनांक 23.08.2024 को जनपदीय कन्ट्रोल रूम द्वारा सूचना दी गई कि एक यात्री जो गुडगांव से पिलखुवा आ रहा था, उसका बैग रोजवेज बस रजि0 नं0 HR 55 GV 4866 में ही छूट गया है। उक्त सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना गढ़मुक्तेश्वर की हाईवे-7 पेट्रोल कार ड्यूटीरत कर्मचारियों द्वारा चेकिंग की गयी। चेकिंग के दौरान जनपदीय कन्ट्रोल रुम द्वारा बतायी गयी बस को रुकवाया गया तथा बैग को बस से सकुशल बरामद कर यात्री के सुपुर्द किया गया।

"हाईवे-7 पर ड्यूटीरत कर्मियों द्वारा किये गये इस सराहनीय कार्य की यात्री (बैग-स्वामी) द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की गई।"

हाइवे-7 पर ड्यूटीरत कर्मचारीः-

1. का0 चालक सुधीर कुमार थाना गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड़।
2. हो0गा0 1063 संजय सिंह थाना गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड़।